ROLL NO : | | | | | | |

DAV PUBLIC SCHOOLS, ODISHA ZONE –I
TERM-II EXAMINATION, 2021-22

- **Check that this question paper contains 05 printed pages.**
- **Check that this question paper contains 08 questions.**
- **Write down the serial number of the question in the left side of the margin before attempting it.**
- **10 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed 10 minutes prior to the commencement of the examination. The students will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.**

CLASS – IX
SUB: HINDI-B (Code: 085)

Time Allowed : 2Hours **Maximum Marks:40**

सामान्य निर्देश :-

- इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं - खंड 'क' और 'ख' ।
- खंड 'क' में कुल **3** प्रश्न हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उत्तर दीजिए ।
- खंड 'ख' में कुल 5 प्रश्न हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उत्तर दीजिए ।
- कुल प्रश्नों की संख्या 8 है।
- प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए यथासंभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए ।

खंड 'क'

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में दीजिए :-

(2×2=4)

(क) **'**खुशबू रचने वाले हाथ**'** कैसी परिस्थितियों में तथा कहाँ-कहाँ रहते हैं **?**

(ख) लेखक को ऐसा क्यों लगने लगा कि अतिथि सदैव देवता नहीं होते ?'तुम कब जाओगे, अतिथि' पाठ के आधार पर बताइए ।

(ग) 'धर्म की आड़' पाठ में बुद्‌धि पर मार के संबंध में लेखक के क्या विचार हैं ?

2.निम्नलिखित दो प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 60 से 70 शब्दों में दीजिए:-

(4×1=4)

(क) 'एक फूल की चाह कविता' में सुखिया के पिता को न्यायालय द्‌वारा दंड प्रदान किया गया| उसे दंड मिलने का क्या कारण था? क्या उससे आप सहमत हैं? अपना विचार लिखिए |

अथवा

(ख) हमारी भारतीय परंपरा में अतिथि को पूज्य तथा देवतातुल्य माना गया है । इसके बाद भी लेखक का उसे 'तुम कब जाओगे अतिथि' कहकर व्यंग्यपूर्वक लौटने को कहना कहाँ तक उचित है? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

3.पूरक पाठ्य-पुस्तक संचयन के किन्हीं तीन प्रश्नों में से दो के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में दीजिए :- **(3×2=6)**

(क) मेरी अस्वस्थता में वह तकिए के सिरहाने बैठकर अपने नन्हे-नन्हे पंजों से मेरे सिर और बालों को इतने हौले-हौले सहलाता रहता कि उसका हटना एक परिचारिका के हटने के समान लगता।

पशुओं में भी मानव जैसी संवेदना होती है, पाठ 'गिल्लू' के आधार पर इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

(ख) "अगर हिंदू और मुसलमान आपस में मोहब्बत करते तो कितना अच्छा होता।"हामिद खाँ का यह कथन आपके मन में किस प्रकार के भाव उत्पन्न करता है?

पाठ के विवरणों को आधार बनाकर अपने शब्दों में लिखिए।

(ग) उनका कहना था कि यह उनके जीवन की अंतिम यात्रा है और ऐसी यात्रा में निकलने वाला वाहन का प्रयोग नहीं करता । यह पुरानी रीति है। धर्मयात्रा में हवाई जहाज, मोटर या रेल गाड़ी में बैठने वाले को लाभ नहीं मिलता । यात्रा में कष्ट सहें, मिलने वाले के सुख-दुख बाँटें तभी यात्रा सच्ची होती है ।
गाँधीजी के इस कथन द्वारा उनके किस चारित्रिक गुण का परिचय प्राप्त होता है ?

खंड 'ख'(लेखन)

4. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - **(6×1=6)**

(क) सोशल मीडिया और युवा

संकेत बिंदु-

- युवा वर्ग के आकर्षण का कारण
- नकारात्मक प्रभाव
- सदुपयोग
- उपसंहार

(ख) मेरे सपनों का भारत

संकेतबिंदु

- भारत के बारे में मेरे विचार
- सांप्रदायिकता आदि से मुक्त भारत की चाह
- सुखी और समृद्ध भारत
- उपसंहार

(ग) कंप्यूटर: आज की ज़रूरत

संकेत बिंदु:

- वर्तमान युग: कंप्यूटर युग
- कंप्यूटर आज की ज़रूरत
- सुव्यवस्था लाने में सहयोग
- विश्व भर की जानकारी देने का साधन
- उपसंहार

5. 'परिश्रम का महत्व' बताते हुए अपने मित्र को लगभग 120 शब्दों में एक पत्र लिखिए।

(5×1=5)

<u>अथवा</u>

पशुओं के प्रति गलत व्यवहार न करने तथा उनके प्रति सहानुभूति प्रकट करने की सलाह देते हुए अपने छोटे भाई को एक पत्र लगभग 120 शब्दों में लिखिए।

6.(क) 'होली' के शुभ अवसर पर मित्र को संदेश लगभग 40 शब्दों में लिखिए। **(2.5×1=2.5)**

<u>अथवा</u>

आपका बड़ा भाई आई.ए.एस परीक्षा में सफल हो गया है। इस संबंध में उसे शुभकामना देते हुए लगभग 40 शब्दों में संदेश लिखिए।

(ख) गणतंत्र दिवस पर अपने मित्र को शुभकामना संदेश लगभग 40 शब्दों में लिखिए।

(2.5×1=2.5)

<u>अथवा</u>

आपके मित्र की दुर्घटना हो जाती है लेकिन आप उनसे मिलने नहीं जा पाते, इस संबंध में उन्हें एक सांत्वना संदेश लगभग 40 शब्दों में लिखिए |

7.(क) आभासी कक्षाओं में मोबाइल के दुरुपयोग विषय को लेकर पिता और पुत्र के बीच हुए वार्तालाप को संवाद के रूप में लगभग 40 शब्दों में लिखिए। **(2.5×1=2.5)**

अथवा

बढ़ती हुई जनसंख्या पर दो मित्रों के मध्य होने वाले संवाद को लगभग 40 शब्दों में लिखिए।

(ख) बढ़ती महंगाई को लेकर दो व्यक्तियों में हुई बातचीत को लगभग 40 शब्दों में संवाद के रूप में लिखिए। **(2.5×1=2.5)**

अथवा

लता मंगेशकर के गानों को लेकर दो संगीत सीखने वाले कलाकारों की बातचीत को संवाद के रूप में लगभग 40 शब्दों में लिखिए।

8.(क) आप 'स्वच्छ भारत अभियान' से जुड़े हैं। देश के नागरिकों को स्वच्छता का महत्त्व बताते हुए लगभग 10-20 शब्दों में नारा लिखिए। **(2.5×1=2.5)**

अथवा

हिन्दी के महत्त्व पर लगभग 10-20 शब्दों में एक नारा लिखिए ।

(ख) 'नारी शिक्षा के महत्त्व' पर लगभग 10-20 शब्दों में एक नारा लिखिए । **(2.5×1=2.5**)

अथवा

कोरोना महामारी से बचने के उपायों पर आधारित आम जनता को जागरूक करने वाला एक नारा लगभग 10-20 शब्दों में लिखिए|

XXX